## नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने किया छिंदवाड़ा का दौरा
# शहरी विकास योजनाओं पर की गई समीक्षा और नवाचारों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने शहर में संचालित विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश दिए।दौरे की शुरुआत प्रातः धरम टेकड़ी क्षेत्र से हुई, जहां आयुक्त ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं अटल वाटिका का निरीक्षण किया।

इसके उपरांत उन्होंने आनंदम टाउनशिप, सोनपुर मल्टी एवं इमलीखेड़ा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों एवं परियोजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी विकास कार्यों के लिए एक्शन प्लान शीघ्र तैयार किया जाए। साथ ही, आम नागरिकों को नल कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विशेष शिविरों के आयोजन के निर्देश भी दिए।नगर निगम कार्यालय में महापौर ने किया स्वागतश्री भोंडवे के नगर निगम कार्यालय पहुंचने पर महापौर विक्रम अहके द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। महापौर ने छिंदवाड़ा शहर के समग्र विकास के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। महापौर ने जेल बगीचा शॉपिंग कांप्लेक्स, ऑडिटोरियम, निगम के हाउसिंग प्रोजेक्ट जैसी अन्य आगामी योजनाओं के लिए विभागीय मार्गदर्शन की अपेक्षा जताई। जिस पर विभागीय आयुक्त ने सकारात्मक सहयोग का भरोसा महापौर विक्रम अहके को दिया। महापौर ने शहर के सर्वांगीण विकास के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आयुक्त से विशेष निधि की मांग भी की।नगरीय निकायों की समीक्षा बैठकदोपहर में परासिया रोड स्थित होटल में छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले की 17 नगरीय निकायों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आयुक्त श्री भोंडवे ने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पौधारोपण अभियान को एक माह तक और विस्तारित करने के निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने विभिन्न शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा की, जिनमें विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) 1.0 एवं 2.0, अमृत योजना (AMRUT) 1.0 एवं 2.0, स्वच्छ भारत मिशन, कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना, मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना प्रमुख रहीं।नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आयुक्त ने नगरीय निकायों की राजस्व वसूली, निकायों की आय वृद्धि, और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सभी निकायों में फेस अटेंडेंस सिस्टम को लागू करने एवं उसके सख्त पालन के निर्देश दिए।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र छूट हितग्राहियों को प्राथमिकता से लाभ दिलाने पर बल दिया गया। साथ ही, इंटीग्रेटेड सब्सिडी स्कीम (ISS) के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम जैन, नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय, संभागीय कार्यपालन यंत्री सुरेश डेहरिया, कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर सहायक यंत्री श्री अभिषेक शिवहरे, सुरेन्द्र गुप्ता सहित सभी 17 नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चांदामेटा पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से की कार्यवाही
# पुलिस ने पकड़े बाइक चोर, 5 बाइक और एक स्कूटी बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

चांदामेटा पुलिस ने सी सी टी वी कैमरों की मदद से , कड़ी मशक्कत के बाद बाइक चोरों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है । आरोपियों की निशानदेही पर एक स्कूटी और 5 बाइक बरामद की है । इसका खुलासा आयोजित प्रेसवार्ता में एस डी ओ पुलिस जितेन्द्र सिंह जाट ने थाना प्रभारी ईश्वरी पटले की उपस्तिथि में किया ।

प्रेसवार्ता में पुलिस ने बताया , कि पुलिस अधीक्षक छिदवाड़ा सुश्री निवेदिता गुप्ता , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग परासिया जितेन्द्र सिंह जाट द्वारा थाना क्षेत्र में हुई वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं चोरी गये वाहन एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया ।

थाना चांदामेटा के अप० क्र0 197/25 धारा 303(2) बीएनएस की विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी एवं चोरी गई मोटर साईकिल पतासाजी हेतू पूर्व में सीसीटीव्ही फुटेज में चेक किये गये थे , जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति मोटर साईकिल को लेकर जाते हुए दिखाई देने पर आसपास के लोगों को सीसीटीव्ही फुटेज दिखाये गये थे । आज दिनांक 08.08.2025 को विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई , कि सीसीटीव्ही फुटेज के संदिग्ध व्यक्ति रमपुरी जाटाछापर में घूमते हुए दिखायी दिए हैं ।

इस सूचना पर पुलिस स्टाफ ने ग्राम रमपुरी , जाटाछापर पहुंचकर सूचना तस्दीक किये । नाबालिग आरोपी के साथ उसके घर में पाये गये । संदिग्ध व्यक्तियों से पूरा नाम पता पूछताछ करने पर अपना नाम अविनाश पिता सुरेश धुर्वे उम्र 22 साल निवासी झुर्रे थाना शिवपुरी , अर्जुन पिता रामदरश कुशवाह उम्र 21 साल निवासी प्रसन्न विहार कालोनी झुर्रे थाना शिवपुरी के रहने वाले बताये । जिनसे मोटर साईकिल चोरी के सम्बंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर चांदामेटा , मोरडोंगरी , पटपड़ा , उमरेठ , न्यूटन , ग्राम झुर्रे और छिंदवाड़ा में मोटर साईकिल चोरी करना स्वीकार किये । आरोपी विधि उल्लघनकर्ता बालक के मेमोरेण्डम में बताये अनुसार आरोपीयों के द्वारा चोरी किये गये 05 मोटर साईकिल एवं 01 स्कूटी विधिवत बात कर कब्जा पुलिस में लिया गया । बरामद मशरुका की कीमत 2,80,000 बताई गई है ।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

निरीक्षक ईश्वरी पटले थाना प्रभारी चांदामेटा, उनि, देवेन्द्र मसखरे, सउनि, रतिराम सिंह, प्रआर. 790 भदेय सिंह मरावी , प्र.आर. 173 प्रदीप बघेल, प्र.आर. 232 सनीलाल भलावी, आर. 641 निर्मल रघुवंशी, आर, 866 सोनू साहू, आर. 283 गणेश पहाड़े, आर0 743 लक्ष्मण उईके, आर0 733 विपिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# मोटर और केबल चोरियां उफान पर, किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

जिले में किसानों के खेत के कुंओं से मोटरें और बिजली केबल चोरी की घटनाओं में अचानक उफान सा आ गया है। बीते 7 दिनों में 30 से अधिक किसानों के खेतों से चोरों ने मोटर और बिजली केबल चुरा लिया है। पुलिस को मोटर और केबल चोरी की घटनाओं के मामले की पतासाजी में अभी तक तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दारिमेटा में राजेश भादे, उदाराम डाले तथा सुभाष डाले के खेतों से लगभग 25-30 हजार रू. का केबल चोरी किया है। देवखापा क्षेत्र मं विठ्ठल ढोमने, संजय कलंबे, रजनी राउत तथा मारूड क्षेत्र में दौलत क्षिरसागर एवं किशोर कोरडे के खेत से लगभग 30 हजार रू. का केबल चोर काटकर ले गए है।

बीते दिनों पारडी में अश्वीन पराडकर, अनील पराडकर, बालाराम कोरडे, जनार्दल बोबडे, प्रदीप कोरडे, जगदीश रबडे, अनील कोरडे और संजय बारंगे के खेत से भी केबल चोरी हुआ है। इसके अलावा भी जिले के कुछ अन्य ग्रामों में किसानों के खेतों से केबल और मोटरें चोरी हुई है।

# 6500 किलो लहान एवं 45 लीटर शराब बरामद



**पांढुर्णा।** गत दिवस जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य से ग्राम कोंढर, वड्डामाल, उमरी, डिगोरी के नदी और नालों में बनरे अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। यहां से 6500 किलो महुआ लाहन एवं 45 लिटर महुआ निर्मित हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद कर जब्त की गई। इस कारवाई में सहायक हिजला आबकारी अधिकारी जीएल मरावी, भाती गौड, वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, आबाकारी उपनिरीक्षक जीत सिंह धुर्वे, नरेंद्र नागेश, वृत्त प्रभारी नरेंद्र कुमार, नागेश, बडचिचोली चौकी प्रभारी विक्रम सिंह बघेल तथा अन्य उपस्थित रहे।

## श्री शिव सांई मंदिर श्रावण मास पर हुआ भंडारे का आयोजन

**दमुआ।** श्रवण मास के पावन महिने मे देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ जी की विशेष पूजन अराधना होती है 09 जुलाई से रारम्भ श्रवण मास के पावन अवसर पर श्री शिवजी के मंदिर शिवलिंग मंदिर शिवालयों सहित धार्मिक स्थलो एवं दमुआ नगर शहर के श्री शिव सांई मंदिर दमुआ बाजार मोहल्ला वार्ड नं. 14 मंदिर में श्रवण मास के महिने भर प्रतिदिन पूजन अनुष्ठान अराधना के साथ अभिषेक का क्रम चलता रहा श्री शिवं सांई मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीमती उषा मलोनिया जी कांती बाई बन्देवार, पूजा व्यवस्थापक एवं व्यापारी मंडल के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र राजपाल जी , श्री मोनू साहू, अनिल साहू, श्री दुर्गासिंह राजपूत पत्रकार दमुआ का धार्मिक कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहता है। जबकि सम्पूर्ण धार्मिक कार्यक्रम पंडित आचार्य श्री शम्भू पांडे महाराज जी के सानिध्य में सम्पूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न होते है। 9 अगस्त दिन शनिवार को श्रवण मास के समापन अवसर पर श्री शिव सांई मंदिर दमुआ मे अभिषेक पूजनपाठ अनुष्ठान अराधना के हवन पूजन पूर्णाहूति आरती के पश्चात प्रसादी भण्डारा कार्यक्रम भी किया गया है। जहां समस्त भक्त श्रद्धालु धर्म प्रेमी प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेगें।

## आदिवासी दिवस पर विशाल भव्य रैली आयोजन

**दमुआ।** विश्व मूल निवासी दिवस के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 09 अगस्त दिन शनिवार को गोंडवाना महासभा भवन दमुआ में विश्व मूल निवासी दिवस मनाया जा रहा है जिसमें रैली का आयोजन किया गया है जो कि विशाल जनसूमह की उपस्थिति मे दमुआ नगर का भम्रण करेगी। इस अवसर पर गोंडवाना महासभा द्वारा समाज के अधिक से अधिक लोगो को उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। जबकि कार्यक्रम दोप. 1.00 बजे से शाम 5 बजे तक गोंडवाना महासभा भवन पुराना दमुआ में आयोजित किया गया है।

# गरीबों को खून के आंसू रुला रहा नगर निगमः मागो



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भाजपा की ट्रिपल इंजन वाली सरकार में सुविधाएं कम, टैक्स ज्यादा, सुरक्षा कम और अत्याचार ज्यादा है। विकास शून्य और विकास का झूठा वादा भरपूर है। यह केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की सच्चाई है। नगर पालिक निगम जनता को सुविधाएं कम और टैक्स भरपूर वसूल रही। उक्त उदगार ननि अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सोनू मांगो के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किए।

श्री मांगो ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि जनता पर कमर तोड़ महंगाई का बोझ डालने के बाद ट्रिपल इंजन के रूप में भाजपा की निकम्मी शहर सरकार इससे दस कमद आगे निकल चुकी। कांग्रेस के पुरजोर विरोध के बावजूद भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने जनता की परवाह किए बिना तीन काले कानून लागू किए। जिससे अब गरीब और निम्न मध्यम वर्गीय परिवार खून के आंसू रो रहे। निगम क्षेत्र में रहने वाले मजदूर व गरीब वर्ग अपनी आय का अधिकांश हिस्सा टैक्स के रूप में निगम को दे रहा इससे उनकी तकलीफ का अंदाजा लगाया जा सकता है। नगर के वार्ड 20 में निवासरत 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला जो घर में अकेले टूटी फूटी छत के नीचे जीवन यापन कर रही, उसे नगर निगम द्वारा वर्ष 25_26 का 1780 रुपए का टैक्स नोटिस भेजा है। संपत्ति कर 218 रुपए एवं कचरा शुल्क 1200 रुपए है। जबकि टैक्स में समेकित कर 180 ,नगरीय उपकर 73,शिक्षा उपकर 73 रुपए वसूला जा रहा। महिला के घर में नल नहीं है फिर भी नल का 50 रुपए शुल्क वसूला जा रहा। निगम प्रबंधन ने महिला पर मेहरबानी करते हुए 14 रुपए की छूट भी प्रदान कर गरीबी का मजाक उठाया है।

# खाद्य आपूर्ति विभाग एवं खाद्य औषधि विभाग ने होटलों और प्रतिष्ठानों से दो सिलेंटर किए जब्त
## चौरई में गैस सिलेंडर-गैस भट्टी मय रेग्यूलेटर पाईप किये गये जप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी छिन्दवाड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चौरई के निर्देशन में खाद्य आपूर्ति विभाग एवं खाद्य औषधि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 07 अगस्त 2025 को तहसील चौरई स्थित होटल/ प्रतिष्ठानों की जांच सहायक आपूर्ति अधिकारी चौरई श्री राजेन्द्र सिंह वरकड़े व खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पंकज घाघरे द्वारा की गई। संयुक्त जांच दल द्वारा जांच में 02 प्रतिष्ठानों चाय का पंचनामा के संचालक श्री अनीश ठाकुर एवं सांईनाथ चाट सेंटर के संचालक श्री राजेन्द्र यादव से 01-01 घरेलू गैस सिलेंडर, गैस भट्टी मय रेग्यूलेटर पाईप जप्त किये गये । घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से संग्रहण एवं दुरूपयोग पाये जाने के कारण इन 02 प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कुल 02 नग घरेलू गैस सिलेंडर, गैस भट्टी मय रेग्यूलेटर पाईप जप्त किये जाकर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# 41 वाहनों से वसूला 79 हजार का जुर्माना
## परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की सघन जाँच



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग पर यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जाँच की गईं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री अनुराग शुक्ला ने बताया कि छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई एवं इस दौरान पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 04 एचडी 4858 को बिना फिटनेस एवं टैक्सी कार क्रमांक एमएच 49 एफ 1199 को बिना परमिट के संचालित करते पाये जाने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा के परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। जांच के दौरान अन्य कार्यवाही में 41 वाहनों से मोटरयान अधिनियम के तहत 79000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही स्कूल वाहन संचालकों/चालकों को समझाईश दी गईं कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

## राजीव कांग्रेस भवन में सम्पन्न हुई आवश्यक बैठक
# युवा किसानों के साथ आंदोलन में शामिल होगी युवक कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की मंशानुसार जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर हल्ला बोल आंदोलन किया जाएगा। किसानों के हित की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस मैदान में है। जन-जन की आवाज को भाजपा सरकार तक पहुंचाने कांग्रेस कमर कसकर तैयार हो चुकी है।

राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में किसान आंदोलन को लेकर आवश्यक जिला युवक कांग्रेस की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें रणनीति बनाने के साथ ही युवा किसानों को शामिल करने पर जोर दिया गया। युवाओं को जिलेभर में बैठकें आयोजित कर उसमें किसानों को शामिल करने और उन्हें 20 अगस्त 2025 को किसान आंदोलन में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित करने के निर्देश वरिष्ठ कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए। जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्री गोलू पटेल के नेतृत्व में आयोजित हुई इस बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि जिले में युवा किसानों की कृषि में भागीदारी सतत रूप से बढ़ रही। वर्तमान में कृषि क्षेत्र लाभ का धंधा नहीं रहा, क्योंकि लागत का बोझ बढ़ चुका है इस बात को युवा किसान अच्छी तरह समझ रहे, इसीलिये वे भी आंदोलन का हिस्सा बनें और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीति व सोच का खुलकर विरोध कर सकें। उन्होंने उपस्थित युकां के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से तत्काल आंदोलन की तैयारियों में जुटने हेतु निर्देशित किया।

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री गोलू पटेल ने कहा कि मैं स्वयं किसान हूं, इसीलिये किसानों की समस्याओं को भली भांति जानता हूं। खाद की किल्लत, बिजली की अघोषित कटौती, बढ़े हुए बिजली के बिल आना आम बात हो चुकी। किसान समस्याओं को लेकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही। भाजपा सरकार 15 वर्षों से किसान की आय दोगुनी कर रही, आय दोगुनी नहीं बल्कि किसानों की हाय दोगुनी हो चुकी है। यह भाजपा सरकार की नाकामी है।

आयोजित बैठक में श्री गंगाप्रसाद तिवारी, सुनील जायसवाल, एकलव्य यहाके, उमेश चौहान, इरफान खान, नावेद खान, विश्वेष मोहरे, रिंकू पटेल, शत्रु पटेल, उत्कर्ष वाल्मिक, भूपेन्द्र पटेल, अंकित राय व जगदम्बा सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## जैन समाज आज मनायेगा रक्षाबंधन महोत्सव

**छिंदवाड़ा।** आज श्रावण शुक्ल पूर्णिमा शनिवार 9 अगस्त के शुभ दिन सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक 1008 श्री श्रेयांसनाथ भगवान का मंगलकारी निर्वाण कल्याणक अर्थात मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं रक्षाबंधन महापर्व विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा। फेडरेशन सचिव ने बताया कि इस अवसर पर नगर सहित जिले के सभी जैन मंदिरों में विशेष पूजन आयोजित किये जावेगी जिसमें अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिरों में मंडल एवं फेडरेशन के तत्वावधान में महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 7 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा पश्चात 7.15 बजे से श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री श्रेयांसनाथ पूजन कर निर्वाण काण्ड पढ़कर मोक्ष कल्याणक का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा एवं सभी साधर्मियों द्वारा समस्त जिनालयों सहित चैत्यालयों में रक्षा सूत्र बांध कर वीतराग देव, शास्त्र, गुरु एवं साधर्मियों सहित परम पवित्र जिनशासन की रक्षा का संकल्प लेकर रक्षाबंधन महापर्व की खुशियां मनाएंगे, जिसमें सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील मंडल एवं फेडरेशन के जिनशासन सेवकों द्वारा सकल जैन समाज से की गई है।

## बिछुआ एकता प्रेस क्लब ने स्थानीय पत्रकारों के हक में सौंपा ज्ञापन

# बाहरी पत्रकारों के कारण स्थानीय पत्रकारों की छवि हो रही खराब




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

शुक्रवार को एकता प्रेस क्लब बिछुआ के सदस्यों ने तहसील कार्यालय एवं पुलिस थाना पहुंचकर तहसीलदार एवं थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा जहां ज्ञापन में कहा गया कि बिछुआ विकास खंड में लगातार बाहरी पत्रकारों द्वारा जो अपने आप को जिला चीफ ब्यूरो,युटुब न्यूज चैनल का बताकर अवैध रूप से विज्ञापन समाचार के नाम पर रूपयों की मांग पंचायतों,सरकारी विभागों में की जहां रही हैं वहीं बाहरी पत्रकारों द्वारा सी एम हेल्पलाइन,आर टी आई,लगाकर दबाव बनाया जा रहा है जिससेअधिकारी कर्मचारी मानसिक रूप परेशान होते है इनके कारण स्थानीय पत्रकारों की छवि लगातार खराब हो रही हैं,ऐसे पत्रकारों को पकड़कर उनके उनके उपर उचित कार्रवाई करने ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई।इस अवसर पर एकता प्रेस क्लब संरक्षक सिरपत पवार, समन्वयक पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर, एकता प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रमोद श्रीवास,उपाध्यक्ष सुरेश परतेती,रजत वानखेड़े, सचिव श्रवण कामडे,कोषाध्यक्ष मुकेश कुरोठे,सदस्य ज्ञानेंद्र इंदौरकर, कार्यालय प्रभारी बलजीत चौहान मौजूद रहे।

### शिक्षक अध्यापक संघ की जिला कार्यकारीणी गठित

**पांढुर्ना।** म.प्र. शिक्षक अध्यापक संघ के जिला पांढुर्ना अध्यक्ष गणेश दुखी कार्यकारीणी का गठन किया है। इस कार्यकारिणी में रमेश पाटील एवं उमेश बिंझाडे संरक्षक, सुनील घागरे सचिव, रामजी देशमुख एवं दिलीप नायक उपाध्यक्ष, सहसचिव दिलीप पोटे, कोषाध्यक्ष सेवकराम पराडकर, प्रवक्ता देवानंद लेंडे, प्रांतीय प्रतिनिधि जितेंद्र मडामे तथा संयोजक वसंत सरेयाम को मनोनीत किया गया है।

### कॉलेज विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ किया मंचन

**पांढुर्ना।** आज यहां प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वर्णा इंडस्ट्रीज के परिसर में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूरी है जरूरी विषय पर नुक्कड नाटक का मंचन किया। इस कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन में किया गया और



इस नाटिका का संयोजन कु. योगेश्वरी पराडकर ने किया। इस अवसर पर डॉ. ललिता धुर्वे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी झारिया, प्रो अभिलाषा दवंडे, भोजराज कराले, सुधाकर सिंग, आंचल चटप तथा इंडस्ट्री का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। इस नुक्कड नाटक में कु. श्रद्धा श्रद्धा दलवी, निधि साहू, हर्षाली भद्रे, अंजली चौहान, करिश्मा तुमडाम, अश्वीनी भद्रे, तनैनी कांबले, वंशिका केवटे, पुनम बेले, चेतना बालपांडे, भावेश इंदुरकर, वैभव दुपारे, राजेश कामडे, निखिल सलामे, संजु खपरिए, प्रीतम मस्के, अभिषेक कुमरे, आयुष ठाकरे, शीतल कांबे एवं अनुष्का पाटील का विशेष योगदान रहा।

## 69 विद्यार्थियों को मिली निशुल्क साइकिलें



**पांढुर्ना।** समीपस्थ ग्राम तिगांव की शा. संजय संजय गांधी उच्चतर माशा में कक्षा 9 के विद्यार्थियों को म.प्र. शासन की योजनांतर्गत निशुल्क साइकिलें वितरीत की गई। गौरतलब है कि शासन की योजनांतर्गत 5 किमी से अधिक दूर से शाला में आवागमन करनेवाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए निशुल्क साइकिलें दी जाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पांढुर्ना के उपाध्यक्ष भीमराव वालके, ग्रामपंचायत की सरपंच उषाताई कुमरे, उपसरपंच शामराव कवडेती, सुरेश कुमरे, बीईओ हरिभाउ हांडे, प्रभारी प्राचार्य परेश कवडेती, दामोदर कातकडे, दीपक जैस्वाल, मंदा रेवतकर, जगदीश डोंगरे, मनोज रेवतकर, सुभाष ठाकरे, विजय घुघुसकर, शिवनाथ गाठे, अजय चौहान, रामकिशन सलामे, किशोरी बोबडे, गोलू पवार तथा खेल प्रभारी मनोज गुडधे उपस्थित थे।

## खिरसाडोह स्कूल में 27 छात्र छात्राओं को मिली साइकिलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

राज्य सरकार छात्र छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही स्कूलों से उनकी दूरियां मिटाने का कार्य साइकिल वितरण योजना के माध्यम से कर रही है। जिससे आज छात्र छात्राए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं है।

इससे बालिकाओं के शिक्षा में बाधा बनने वाली दूरियां तो दूर हुई है, साथ ही बालिकाओं के स्कूल छोडने की दर में भी कमी आई है। योजनान्तर्गत शासकीय स्कूलों में कक्षा 9वीं एवं 6वी में अध्ययनरत बालक बालिकाओं को साइकिल वितरण योजना के माध्यम से निःशुल्क साइकिल वितरण की जाती है। जिसका मुख्य उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में बालक बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा के साथ ही परिवहन सुविधा उपलब्ध करना है।

इसी क्रम में शासकीय उच्च मा विद्यालय, खिरसाडोह में कक्षा 9 वीं एवं 6 वी के 27 छात्र छात्राओं को सायकल वितरण योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरण किया गया।

जनपद सदस्य सुनील अहाके ने कहा कि योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में छात्राओं को लाभ मिल रहा है। इससे दूर-दराज से स्कूल आने वाली छात्राओं को अब काफी सहूलियत हो रही है। इससे पढ़ाई-लिखाई में कोई परेशानी नहीं होगी और छात्राओं के शैक्षणिक विकास में बढ़ोतरी होगी।

सरपंच सुप्रिया पन्द्राम ने कहा कि स्कूल जाने के लिए प्रतिदिन सहायता की जरूरत पड़ती थी, लेकिन अब स्वयं का साइकिल होने से स्कूल आने में आसानी होगी,इस अवसर पर जनपद सदस्य सुनील अहाके सरपंच सुप्रिया पन्द्राम, पंच अनीता सराथी प्राचार्य कुसुम जैन,शिवनन्दन पन्द्राम, शिक्षक कमलेश सोनी, शाहिद अंसारी, अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं गण मान्य नागरिकों को गरिमा मई उपस्थिती रही।

## संत चावरा नेशनल अकादमी में करियर गाइडेंस सेमिनार



**परासिया।** संत चावरा नेशनल अकादमी ने विद्यालय की 10वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का उद्धेश्य छात्रों को उनके भविष्य के करियर के बारे में सूचित करना, निर्णय लेने के लिए मूल्यवान जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करना था.सेमिनार के मुख्य वक्ता श्री उदित का प्रधानाचार्य फादर जैसन ने एक पौधा देकर स्वागत किया । इस कार्यक्रम मे मंच संचालन श्रीमती अंजू यादव ने किया। इस सेमिनार के दौरान, छात्रों को श्री उदित के साथ बातचीत करने और विभिन्न करियर विकल्पों और मार्गों के बारे में मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। सेमिनार को छात्रों द्वारा अच्छी प्रतिक्रिया मिली, जिन्होंने प्रदान किए गए मार्गदर्शन और समर्थन की सराहना की.संत चावरा नेशनल अकादमी अपने छात्रों को समग्र शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें और अपने चुने हुए करियर में सफल हो सकें।

## विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

विकास खंड स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार 08 अगस्त को पी. एम श्री परासिया स्कूल में किया गया । जिसमें विकास खंड की 14 शालाओं ने भाग लिया । जिसमें छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन लोकनृत्य , दृश्यकला , वाद्य यंत्र वादन , गायन , शास्त्रीय नृत्य , शास्त्रीय संगीत जैसी प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति दी । कार्यक्रम का मार्गदर्शन विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री राम धुर्वे ,



नोडल जे. सी वर्गीस , पी एम श्री परासिया प्राचार्य स्वर्णकुमारी सिंह एवं विकासखण्ड से आए समस्त शिक्षक उपस्थित थे ।

### संविधान के प्रति जागरूकता की मांग हेतु सौंपा ज्ञापन



**पांढुर्ना।** आज जनपद पंचायत सीईओ को संविधा जागरूकता अभियान के सदस्यों द्वारा ज्ञापन सौंपकर इसके प्रति जनजागरण फैलाने की मांग की गई। सदस्यों द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संविधान को लागू किए वर्षों बीत चुके है। संविधान के मूल्यों को बढावा दिए जाने के लिए यह संविधान जागरूकता अभियान के सदस्य कार्य कर रहे है।

## हर घर तिंरगा अभियान को सफल क्रियान्वयन करने के लिए वारासिवनी एसडीएम ने लिया बैठक, दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार हर घर तिंरगा अभियान के अंतर्गत 8 अगस्त से 15 अगस्त तक विविध गतिविधिया व कार्यक्रम क्रियान्वयन किया जाना है जिसके संबंध में 6 अगस्त बुधवार को जनपद पंचायत खैरलांजी के सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी की अध्यक्षता में एंव मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे जिन्हे उच्च अधिकारी के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संचालित व क्रियान्वयन होने वाली गतिविधियो के दिशा-निर्देश के बारे विस्तृत रूप से अवगत कराया गया एंव कार्यक्रम के बारे जानकारी दि



गई। तथा राज्य से प्राप्त कलेंडर अनुरूप गतिविधि किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। गतिविधि के तहत 8 अगस्त को अभियान का शुभारंभ दिवस, 9 अगस्त सामुदायिक स्वच्छता अभियान, 10 अगस्त को सार्वजनिक स्थलो की साफ-सफाई ,11 अगस्त को सामुदायिक स्वच्छ अभियान के जनप्रतिनिधि के सहयोग से जनभागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक स्तर पर श्रमदान कर मुख्य सड़क मार्ग पर कचरा पडाव स्थल की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण करना । 12 अगस्त को वास अधोसंरचना दिवस, 13 अगस्त को जन संवाद एंव जागरुकता दिवस ,14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की तैयारी एंव 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा साथ हि इस अभियान के तहत संचालित रूपरेखा व कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दि गई। इस दौरान बैठक में पंचायत एंव ग्रामीण विकास,शिक्षा, स्वस्थ, वन,पशु, कृषि, राजस्व, आजीविका मिशन , महिला बाल विकास विभाग , पीएचई, सिंचाई सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बड़ा श्री राम मंदिर में हुआ सुंदर कांड व हनुमान चालीसा पाठ का समापन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** बड़ा श्री राम मंदिर वारासिवनी में सावन मास के अवसर पर श्री राम मंदिर समिति द्वारा प्रतिदिन संगीतमय सुंदर कांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

ज्ञात है कि सुंदर कांड भगवान राम की भक्ति, वीरता, साहस और धर्म का प्रतीक हैं, जो रामायण का एक प्रमुख हिस्सा है। इसमें हनुमान जी की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो भगवान राम के भक्त होकर लंका जाकर माता सीता जी से मिलते हैं। हनुमान जी भगवान राम के भक्त हैं और लंका में सीता जी से मिलते हैं। सुंदरकांड भगवान राम की भक्ति, वीरता और साहस को दर्शाता है। सुंदर कांड का पाठ आध्यात्मिक महत्व रखता है और भक्तों को भगवान की भक्ति में लीन होने का अवसर प्रदान करता है। श्रीराम मंदिर में सुंदरकांड सावन मास के प्रत्येक दिन अलग-अलग राम भक्तों के द्वारा रखा गया और राम भक्तों के द्वारा रोज प्रसादी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर समिति सदस्य संतोष लिल्हारे ने बताया कि बड़ा श्री राम मंदिर में सावन मास के अवसर पर प्रत्येक दिन सुंदर कांड के पाठ का पांचवा वर्ष है। इस सुंदर कांड पाठ में नगर और आसपास से आकर भक्त लोग सम्मिलित होकर सुंदर कांड पाठ का पठन करते है। जिसमें सभी राम भक्तों ने उपस्थित होकर इस संगीतमय सुंदर कांड पाठ का श्रवण कर धर्म लाभ लिया और 8 अगस्त को पूर्णाहुति कर इसका समापन किया गया।

### रक्षाबंधन को लेकर सज गई बाजारों में राखी की दुकाने

## आज मनाया जाएगा भाई-बहन के अमर प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



भाई-बहन के अमर प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार जिले भर में हर्षोउल्लास के साथ मनाने के लिए तैयारी लगभग पूर्ण हो गई हैं। बाजार में राखी की दुकानें सज गई हैं, इन दुकानों पर बहनों द्वारा अपने भाइयों के लिए एक से बढक़र एक राखियॉ, रुमाल, घड़ी और मिठाइयों की खरीदी कर रही हैं, वही बहने भी ससुराल से अपने मायके पहुंच गई हैं, जिससे घरों में रौनक आ गई हैं। रक्षाबंधन का त्यौहार नजदीक आते ही वारासिवनी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारी जोरों पर हैं। भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक इस पावन त्यौहार को लेकर बाजार में खासा उत्साह देखने को मिल रहा हैं। शहर के मुख्य बाजारों में राखी की सजी दुकानों ने माहौल को पूरी तरह त्यौहारमय बना दिया हैं। वहीं राखी की दुकानों में नई-नई वैरायटी की राखी भी दिखाई दे रही हैं। बच्चों के लिए कार्टून वाली, फोटो वाली राखी भी खूब बिक रही हैं। इसके अलावा पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए इको फे्रंड वाली राखियों की मांग बढ़ रही हैं। दुकानदारों के अनुसार इस बार पिछले वर्षों की तुलना में राखियों में महंगाई की मार से बाजार में थोड़ी कम रौनक दिखाई दे रही हैं। रक्षाबंधन के इस पवित्र त्यौहार में मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिल रही हैं। काजू कतली, रसमलाई, गुलाब जामुन जैसी परंपरागत मिठाई के साथ अब ड्राई फ्रुट्स और शुगर फ्री मिठाई भी लोगों की पहली पसंद बनती जा रही हैं। पुलिस विभाग भी रक्षाबंधन में बाजारों में खरीदी करने आये लोगों को किसी भी प्रकार ट्रैफिक से परेशान ना होना पड़े, इसको देखते हुए नगर के चौक चौराहे पर पुलिस बल मौजूद हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो वारासिवनी शहर पूरी तरह से रक्षाबंधन के रंग में रंग चुका हैं। हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान और त्यौहार का उमंग झलक रही हैं। भाई-बहन के इस पवित्र बंधन को मजबूत बनाने के लिए सभी अपने तरीके से तैयारी में लगे हुए हैं।

### नहीं आया फरमान, कोई फटे पुराने तो कोई सिविल ड्रेस में पहुंच रहा स्कूल

# जर्जर शाला भवनों में कैसे निखरेगा बच्चों का भविष्य?

### शिकायतकर्ता की शिकायत पर स्कूल पहुंचे सीएसी, तुरंत बनाई शिक्षक की व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को लेकर हमेशा से सवाल उठते रहे हैं, हालांकि सरकार की तरफ से शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के दावे तो किए जाते रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को ही सरकार अब तक दूर नहीं कर पाई तो शिक्षा के स्तर को कैसे सुधारे? स्कूल चलो हम समेत तमाम नारों के साथ स्कूल शिक्षा विभाग अभियान चलाता है बच्चों को स्कूल तक ले जाने का। लेकिन प्रदेश के ज्यादातर जिले ऐसे हैं जहां कई स्कूलों में सिर्फ एक ही शिक्षक है जिसके ऊपर पहली से 5वीं कक्षा तक की पढ़ाई की जिम्मेदारी है। ऐसा ही मामला बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहझरी का है । जहां शिकायतकर्ता नीरज उरकुडे ने सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत कर बताया है कि ग्राम मोहझरी के शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों की व्यवस्था सही नहीं है। तथा शासकीय प्राथमिक शाला भवन पूरी तरह जर्जर स्थिति में है जहां पर बच्चों को बैठाने में भी डर लगता है और इस स्कूल की हालत इतनी बद से बदतर है कि यहां बच्चे शिक्षा ग्रहण करने में कतराते हैं। बारिश के मौसम में स्कूल में सांप, बिच्छू जैसे जहरीले जीव जंतु निकल रहे हैं। ग्राम मोहझरी में स्कूल की चरमराई व्यवस्था स्पष्ट देखने को मिल सकती है। नीरज उरकूड़े ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार शिक्षा को लेकर इतनी बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती है परंतु वह घोषणा सिर्फ कागज तक ही सिमट कर रह गई है



जमीन स्तर पर देखा जाए तो सरकार सिर्फ एक घोषणा का पिटारा बन कर रह गई है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम मोहझरी के प्राथमिक शाला में 1 से लेकर 5 तक की क्लास लगती है परंतु कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक में सिर्फ एक ही शिक्षिका बच्चों को पढ़ाती है। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की है कि ग्राम मोहझरी के शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षकों की व्यवस्था कराई जाए ताकि बच्चों को शिक्षा उच्च स्तर की मिल सके।

**शिकायत पर जांच करने पहुंचे बीआरसी ऑफिस के सीएसी:** ग्राम मोहझरी में शिक्षा व्यवस्था को लेकर ग्राम के निवासी नीरज उरकुडे ने शिकायत की थी जिस पर लांजी बीआरसी द्वारा टीम गठित कर जांच अधिकारी मदन लाल टांडेकर सीएसी एवं लोकेश कुमार भटेरे सीएसी स्कूल पहुंचे और शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया कि साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से कराई जाएगी। वहीं शिकायतकर्ता के अनुसार स्कूल में कम शिक्षक पाए जाने पर संयोगिता कामडे को कुछ दिन के लिए स्कूल में पदस्थ किया गया। तथा शिकायतकर्ता की तीसरी शिकायत पर जांच अधिकारी ने बताया कि बच्चों को 15 अगस्त के पूर्व ही गणवेश की राशि उनके पालकों के खाते पर हस्तांतरित दी जाएगी।

### किसानों ने एसडीएम, रेंजर और जेई को सौंपा ज्ञापन

## अघोषित बिजली कटौती और बंदरों के उत्पात से परेशान

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तहसील क्षेत्र के करीब आधा दर्जन से भी अधिक गांवों में ग्रामीण अघोषित घरेलू बिजली कटौती, किसान कृषि कार्य के लिए दी जाने बेसमय सिंचाई बिजली और बंदरों, जंगली सुअरों के उत्पात से भयंकर परेशान है. पीड़ति ग्रामीणों और किसानों ने शुक्रवार की शाम साढ़े 04 बजे मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम के.सी.ठाकुर, वन विभाग में रेंजर और विद्युत विभाग में कनिष्ट अभियंता को समस्याओं का निराकरण करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है. एसडीएम ने ग्रामीणों से शिकायत मिलते ही विद्युत विभाग के सहायक यंत्री से दूरभाष पर चर्चा करते हुए तत्काल ग्रामीणों की बिजली से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने के लिए कहा और ग्रामीणों को भरोसा दिया है कि अन्य समस्याओं पर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा करेंगे देखा जाएगा कि क्या निराकरण निकाला जा सकता है. ग्राम बोपली, कोसमी, सिंगोड़ी, कटेरा, बनेरा, उमरी, लखनवाड़ा के ग्रामीण अघोषित घरेलू बिजली कटौती की समस्या से परेशान है. अघोषित कटौती से इन गांवों की करीब 08 हजार की आबादी प्रभावित होती है. ग्रामीणों के जनजीवन पर गहरा असर पड़ता है. घरों में दैनिक गतिविधियाँ, व्यावसायिक कामकाज और बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित होती है. वहीं सुबह तड़क़े कृषि सिंचाई की बिजली सप्लाई की जा रही है इस वक्त अंधेरा होता है और किसान अपने खेत में नहीं जा पाते. 10 घंटे बिजली सप्लाई होनी चाहिए लेकिन



4 से 5 घंटे ही बिजली मिल रही है।

किसानों ने बताया कि इन दिनों खेत में धान की फसल की पौध लगी हुई है इस पौध को जंगली सुअर और बंदर नुकसान पहुंचा कर बर्बाद कर रहे है. ग्राम कोसमी, बोपली, कटेरा, बनेरा में जंगली सूअर और बंदरों का बहुत अधिक उत्पात देखने को मिल रहा है. किसानों का कहना है कि बंदर आक्रामक होकर किसानों पर ही हमला करने की कोशिश करते है. जंगली सुअर कब कहीं से निकलकर अचानक से हमला ना कर दें इस बात का डर सताता है. ग्रामीणों का कहना है कि वह इन वन्य प्राणियों को किसी भी प्रकार का नुकसान भी नहीं पहुंचा सकते. अगर, फसलों को बचाने के लिए किसान किसी भी प्रकार के उपाय करता है और इससे वन्य प्राणी की मौत होती है तो किसान को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है इसलिए किसानों ने वन विभाग से मांग की है कि वह वन्य प्राणियों को फसलों और खेतों से दूर रखने के लिए प्रयास करें।

### 4 वर्षीय अबोध से दुष्कर्म, अपचारी बालक निरुद्ध



**कटंगी।** बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के एक गांव से रुह कंपाने देने वाली एक घटना सामने आई है. 04 वर्षीय अबोध बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. इस घटना ने लोगों को भीतर से झकझोर कर दिया है. अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले अपचारी बालक को पुलिस ने निरुद्ध कर लिया है. मिली जानकारी अनुसार कटंगी थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस में ही रहने वाले 16 वर्षीय अपचारी बालक ने यह घटिया हरकत की है. गुरुवार की रात्रि अबोध बच्ची के पिता ने जिला मुख्यालय बालाघाट अजाक्स थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई. अजाक्स पुलिस ने पूरे मामले में तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई शुरु की और अपचारी को निरुद्ध कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री अभय मनोहर सप्रे शनिवार 9 अगस्त को जिले के प्रवास पर रहेंगे। पूर्व न्यायाधीश श्री मनोहर प्रातः 10:30 बजे कार्यालय कलेक्टर सिवनी के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेंगे।

### अनुपस्थित कर्मचारी को अंतिम नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), बरघाट ने अपने कर्मचारी धनराज इवने को लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया है। श्री इवने दिनांक 16 अगस्त 2021 से बिना किसी पूर्व सूचना या स्वीकृति के कार्य से अनुपस्थित हैं। अधीक्षक आईटीआई द्वारा बताया गया कि श्री इवने को पहले कई बार मोबाइल और शासकीय पत्रों के माध्यम से संपर्क कर संस्था में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन वे अब तक अनुपस्थित हैं। श्री इवने को 07 दिवस के भीतर उपस्थिति दर्ज कराते हुए, अनुपस्थिति का उचित कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में, विभाग उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव अग्रेषित करेगा।

# डंपर ने ट्रेक्टर को मारी टक्कर, ट्रेक्टर के आगे पैदल चल रहे 2 कावड़ियों की मौत, 9 घायल







**सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत चोर गरठिया ग्राम के समीप नेशनल हाइवे 44 पर देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां पैदल चल रहे कबाड़ियों के पीछे चल रहे ट्रेक्टर को एक तेज रफ्तार डम्फर ने टक्कर मार दी जिसके कारण 2 काबडियो की मौत हो गई और 9 काबडियो घायल हो गए।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जानकारी के अनुसार काशी (बनारस) से कुछ $काबडिया महाराष्ट्र राज्य के ग्राम पातुर जिला अकोला जल भरकर पैदल ले जा रहे थे। और उनके साथ ट्रेक्टर सहित फोरव्हीलर वाहन आगे पीछे चल रहे थे। जब वे बंडोल थाना क्षेत्र के चोर गठरिया ग्राम के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग 44 में पीछे से आ रहे तेज गति डम्फर ने ट्रेक्टर को टक्कर मार दी जिसके कारण ट्रेक्टर के आगे $काबड लेकर पैदल चल रहे 2 काबडियो की मौत हो गई। और 9 घायल हो गए। सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पैदल चल रहे कांवडिय़ों के पीछे चल रहे ट्रैक्टर को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जो कांवडिय़ों पर चढ़ गया। इस हादसे में 2 कांवडिय़ों की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। चोर गरठिया ग्राम के समीप नेशनल हाईवे-44 पर देर रात 11 बजे हादसा हुआ। इस घटना के बाद डंपर चालक मौके पर डंपर छोडक़र फरार हो गया। काशी (बनारस) से कुछ कांवड़िए महाराष्ट्र राज्य के अकोला जिले के पातुर ग्राम जल भरकर पैदल जा रहे थे। उनके साथ ट्रैक्टर और फोरव्हीलर वाहन भी आगे-पीछे चल रहे थे। जब वे बंडोल थाना क्षेत्र के चोर गठरिया ग्राम के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग 44 पर थे, तभी पीछे से आ रहे तेज गति डंपर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी।

### इनकी हुई मौत

इस हादसे में ट्रैक्टर के आगे कांवड़ लेकर पैदल चल रहे दो कांवडिय़ों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के नाम अविनाश पिता विजय पोहरे (30 वर्ष) और बंडूबन पिता पांडुराम बन्ड हैं। दोनों मृतक मजदूरी करते थे। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### ये हुए घायल

घायलों के नाम विठ्ठल पिता देवदास मोरथ (32 वर्ष), रंशूकेश पिता जगन्नाथ वानखेड़े (32 वर्ष), रूपेश पिता लक्ष्मण सोनोने (30 वर्ष), अभिषेक पिता मानसिंह कोहरे (26 वर्ष), सचिन पिता राम ढगे (26 वर्ष), सतीश पिता सुभाष तायड़े (34 वर्ष), पुरुषोत्तम पिता काशीराम गिहरे (52 वर्ष), कुलदीप पिता सुधाकर गाडगे (25 वर्ष) और गौतम पिता महेंद्र उकवे (31 वर्ष) हैं। सभी घायल अकोला जिले के पातुर के निवासी हैं।

### डंपर चालक मौके से फरार

बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम का कहना है कि पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। मौके से फरार डंपर चालक की तलाश की जा रही है। डंपर के नंबर से डंपर मालिक और चालक के संबंध में जानकारी निकाली जा रही है। पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा कैसे हुआ।

# अंगदान कर कई ज़िंदगियों में बसेंगे सतेंद्र यादव, गार्ड ऑफ ऑनर से दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कहते हैं, इंसान अपने कर्मों से अमर होता है। ग्राम पंचायत अतरिया के ग्राम बिछुआ निवासी सतेंद्र पिता रोहिणी प्रसाद यादव ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी मानवता की सबसे बड़ी मिसाल पेश की। जबलपुर में सड़क दुर्घटना में दुखद निधन के बाद उनके परिजनों ने उनका दिल, किडनी और लिवर दान कर कई ज़िंदगियों को नई सांसें दे दीं।

प्रदेश शासन की पहल पर, कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में सतेंद्र को अंतिम यात्रा के समय गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। शव के घंसौर पहुँचने पर एसडीएम श्री बिसन सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में, नम आँखों और गर्व से भरे दिलों के साथ अंतिम विदाई दी गई। प्रदेश शासन ने अंगदान करने वाले महान व्यक्तियों को गार्ड ऑफ ऑनर देने का विशेष निर्देश दिया है, ताकि उनकी निस्वार्थ सेवा हमेशा याद रखी जाए और समाज में प्रेरणा का संचार हो। सतेंद्र भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी दी हुई ज़िंदगी और उनकी मानवता हमेशा ज़िंदा रहेगी।

### नशे में मद अवस्था में मिले दो व्यक्ति पर की गई कार्यवाही

बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय केवलारी में चार लोग शराब पीकर सार्वजनिक स्थान में नशे में मद अवस्था मे पाए जाने पर तत्काल आरोपी रंजीत पिता प्रीतम पंचेश्वर उम्र 25 साल निवासी खरसारु , धीरज धुर्वे पिता गैराजी धुर्वे उम्र 28 साल खिरसारु राजेंद्र पिता बलिराम जंघेला उम्र 50 साल केवलारी अनिल पिता नंदुलाल आर्मो उम्र 36 साल राजू कॉलोनी मंडला के विरुद्ध धारा 36 बी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आगामी समय में जो भी व्यक्ति आम जगह बस स्टैंड स्कूल मंदिर आदि सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करता हुआ पाये जाने पर उनके विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाएगी।

# आदेगांव थाना में हुई शांति समिति की बैठक संपन्न





**हरिभूमि न्यूज़/ विमल चौबे आदेगांव।** आदेगांव थाना में शांति समिति की बैठक पर ग्राम के जनप्रतिनिधि और पत्रकार एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। शांति समिति की बैठक मैं थाना के SI जीवन सूर्यवंशी . Asi रविंद्र पटेल. asi सक्सेना. asi रजनीकांत दुबे के द्वारा बैठक में वार्तालाप की गई शांति समिति की बैठक का उद्देश्य था आगामी रक्षाबंधन त्यौहार में एवं उसी दिन आदिवासी दिवस पर किसी प्रकार की विवादित स्थिति ना हो पाए ..इस विषय में चर्चा की गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से लौटे फौजी का धूमधाम से हुआ स्वागत

**आदेगांव।** पहलगाम में हुई आतंकी हमले के बाद भारत देश के द्वारा आतंकवादियों के खात्मे का उद्देश्य लेकर ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया जिसमें वायु जलऔर थल तीनों सेनाओं मिलकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया ऑपरेशन सिंदूर के सफलतम होने के पश्चात कुछ फौजी अपने-अपने घर छुट्टी लेकर वापस लौटे। इसी क्रम में बीएसएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत फौजी मनोज नागफासे जैसे ही अपने ग्रह ग्राम आदेगांव पहुंचे तो स्थानीय लोगों के द्वारा बैंड बाजों के साथ तिलक वंदन कर पुष्प मालाए पहनाकर मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया जिसमें मनोज नागफासे उनकी माताश्री सरस्वती बाई नागफासे सहित पूरा परिवार और



स्थानीयजन मौजूद रहे इसके बाद आदेगाँव बस स्टैंड से रैली निकाली गई। जो की बाजार चौक गुदरी होते हुए श्री काल भैरव बाबा मंदिर में पहुंची विधि विधान से फौजी मनोज नागफासे के द्वारा श्रीफल फोड़ कर पूजा पाठ की गई उसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मां कर्मा देवी मंदिर पंप हाउस के पास सामूहिक बैठक कर ऑपरेशन सिंदूर में हुए आंखों देखा हाल की जानकारी फौजी मनोज नागफासे से ली गई उनके द्वारा बताया गया कि राजस्थान के जैसलमेर में अपनी सेवाएं देकर किस प्रकार से ऑपरेशन सिंदूर को सफलतम बनाया गया वर्तमान में उनकी पोस्टिंग पश्चिम बंगाल के बांग्लादेश बॉर्डर में तैनाती है गौरतलब हो की बीएसएफ में तैनात फौजी हेड कांस्टेबल मनोज नागफासे 24 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं देश के लिए दे रहे हैं जिसमें भारत देश की अलग-अलग सीमाओं में वे तैनात रह चुके है।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत गूंजे देशभक्ति के नारे

# प्रा. शाला गंगानगर में निकाली गई प्रेरणादायक तिरंगा रैली




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

हर घर तिरंगा" अभियान 2 से 15 अगस्त 2025 के अंतर्गत सिवनी जिले की शासकीय प्राथमिक शाला गंगानगर में एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। यह आयोजन कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। रैली में बच्चों ने हाथों में लहराते तिरंगे और गूंजते नारों — "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्", "हर घर तिरंगा" के साथ पूरे मोहल्ले में देशभक्ति की अलख जगा दी। उनके उत्साह और जोश ने माहौल को पूर्णतः देशरंग में रंग दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे मनों में राष्ट्रप्रेम, गर्व और तिरंगे के प्रति सम्मान को जागृत करना था। रैली के दौरान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और आंखों में चमक देखते ही बनती थी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती कविता जैन, शिक्षिकाएं श्रीमती रंजनी शर्मा, श्रीमती स्नेहलता राय, श्री हरिप्रसाद चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा मेहदीरत्ता, जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया, परामर्शदाता श्रीमती कविता बेले, श्री धीरेंद्र चौरसिया, तथा सी.एम.सी.एल.डी.पी. की छात्राएं अर्चना सोनी एवं रानू परते उपस्थित रहीं।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 28,400 प्रभावितों को 30 करोड़ रुपये की राहत राशि सौंपी, सिवनी के 68 हितग्राहियों को मिला लाभ





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 28,400 लोगों को 30 करोड़ रुपये की राहत राशि का अंतरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिवपुरी, महुगंज, दमोह, गुना, रायसेन, छिंदवाड़ा सहित विभिन्न जिलों के प्रभावितों से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि "नर सेवा ही नारायण सेवा है" – इसी आदर्श को आधार बनाकर राज्य सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बीते समय में प्रदेश के कई जिलों में आई असामान्य बाढ़ की स्थिति में सरकार ने प्रशासनिक तत्परता और जनभागीदारी के बल पर हालात पर काबू पाया। इस दौरान एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें पूरी तरह सक्रिय रखी गईं। मुख्यमंत्री ने आपदा की घड़ी में सहयोग देने वाले सभी सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का विशेष आभार व्यक्त किया और कहा कि संकट के समय समाज की एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत होती है।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में एनआईसी केंद्रों के माध्यम से किया गया। सिवनी जिले में यह प्रसारण एनआईसी सिवनी में आयोजित हुआ, जहां जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

इस अवसर पर सिवनी जिले के 68 हितग्राहियों को भी राहत योजना का लाभ प्राप्त हुआ। उनके बैंक खातों में कुल 22 लाख 68800 रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई। लाभार्थियों ने कहा कि यह सहायता उनके जीवन में कठिन समय में सहारा बनेगी और उन्हें दोबारा अपनी आजीविका स्थापित करने में मदद मिलेगी।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को प्रतीकात्मक स्वरूप में प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# आबकारी विभाग ने 3950 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन एवं 90 लीटर अवैध हाथभट्टी कच्ची शराब बरामद कर जप्त की

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सिवनी सुश्री संस्कृति जैन के नेतृत्व एवं जिला आबकारी अधिकारी विनोद खत्री के निर्देशन में आज आबकारी विभाग सिवनी की टीम के द्वारा अवैध शराब के व्यवसाय के विरुद्ध छापामार कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34 (1) के अंतर्गत आबकारी उत्तर वृत्त के अंतर्गत 02 एवं दक्षिण वृत्त के अंतर्गत 02 कुल 04 आपराधिक प्रकरण कायम किए गए हैं । आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि आगामी त्यौहारों के चलते कान्हीवाड़ा क्षेत्र के चुटका एवं गोपालगंज क्षेत्र के नएगांव के जंगलों में अवैध शराब बनाने के अड्डे बनाकर भारी मात्रा में महुआ लाहन सड़ाया जा रहा है जिससे अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाई जाएगी ।



प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम के द्वारा संबंधित क्षेत्रों में छापामार कार्यवाही की और अवैध शराब बनाने के अड्डों को तोड़ते हुए भारी मात्रा में सड़ा हुआ महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया है । कार्यवाही में लगभग 3950 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन एवं लगभग 90 लीटर अवैध हाथभट्टी कच्ची शराब बरामद कर जप्त की गई है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 04 लाख 16 हजार रुपए है । छापामार कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रणय श्रीवास्तव, आबकारी उप निरीक्षक सुश्री खुशबू प्रिया मरावी, मुख्य आरक्षक तीरथ सिंह , आरक्षक आनन्द सिंह, सेवकराम, लेखसिंह एवं मुकेश अहिरवार शामिल रहे हैं ।

## ऑनलाइन आवेदन 20 अगस्त तक

# राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा 12 अक्टूबर को

**राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल द्वारा जारी सूचना के अनुसार, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना की चयन परीक्षा 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 अगस्त से 20 अगस्त 2025 तक किए जा सकते हैं।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

यह योजना भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2008 में प्रारंभ की गई थी। इसका उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं लेकिन शिक्षा के प्रति प्रतिभाशाली हैं। चयनित छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति वर्ष 12,000 की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।पात्रता के अनुसार, केवल मध्यप्रदेश राज्य के सरकारी, सरकारी अनुदान प्राप्त एवं स्थानीय निकायों के विद्यालयों में कक्षा 8वीं में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 7वीं में न्यूनतम 55त्न अंक आवश्यक हैं, हालांकि अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों को 5त्न की छूट दी गई है। साथ ही, अभिभावकों की वार्षिक आय 3.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस परीक्षा के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। परीक्षा हिंदी या अंग्रेजी माध्यम में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का स्तर कक्षा 7वीं एवं 8वीं के समान रहेगा। साथ ही, राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं दिव्यांग छात्रों के लिए आरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है।



# सनातन को आगे बढ़ाने के लिए जिला लखनादौन के सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिला बजरंग दल पर पद

**आदेगांव ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला लखनादौन जिला बैठक में प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र भाई साहब एवं प्रान्त सह मंत्री प्रदीप गुप्ता भाई साहब द्वारा देवेंद्र विश्वकर्मा को बजरंग दल जिला संयोजक एवं देवेंद्र परोहित को जिला धर्माचार्य एवं दिनेश यादव को जिला सत्संग प्रमुख की घोषणा की गयी सुश्री विजय लक्ष्मी दुवेदी को दुर्गा वाहनी जिला संयोजिका बनाए जाने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं सतत सनातन के कार्य

### हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा अभियान से जोड़ें सर्व समाज को - भाजपा नेता संतोष अग्रवाल का आह्वान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर सिवनी जिले में व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस संबंध में भाजपा जिला संयोजक संतोष अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्यकर्ताओं और नागरिकों से इस राष्ट्रीय भावना के पर्व में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि भाजपा की विचारधारा में राष्ट्र सर्वोपरि है, और यही भावनात्मक प्रेरणा केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशवासियों तक पहुँचाई जा रही है।

# नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देने कलेक्टर ने दिए निर्देश

## 31 अगस्त तक चलेगा पीएम आवास माह

**प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत 1 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक चल रहे पी एम आवास माह को सफल बनाने हेतु कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली।**




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बैठक में नगरीय क्षेत्र में आवास योजना की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रकरण, अपूर्ण निर्माण एवं लाभान्वित हितग्राहियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री जैन ने निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में चिन्हित किए गए पात्र हितग्राहियों को शीघ्र स्वीकृति जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराएं। साथ ही, अपूर्ण आवासों की सतत निगरानी करते हुए निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को धारणाधिकार के लंबित प्रकरणों के भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं ताकि भूमिहीन पात्र हितग्राहियों को भी योजना का लाभ मिल सके।

